# श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, महराजगंज उ0प्र0

## प्रगति-रिपोर्ट 2023-24




केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी द्वारा संस्था सचिव विमल कुमार पाण्डेय को एम्बुलेंस प्रदान करते हुए



विज्ञान प्रौद्योगिक मंत्रालय द्वारा प्रायोजित मोटीवेशन ऑफ साइंस स्टूडेन्ट कार्यक्रम में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री को पुष्प गुच्छ प्रदान करती हुयी छात्रा



विज्ञान प्रोद्योगिक मंत्रालय द्वारा प्रायोजित मोटीवेशन ऑफ साइंस स्टूडेन्ट कार्यक्रम में सांइस एक्टीविस्ट सुरभि पुरस्कृत करते हुए



भारतीय स्टेट बैंक द्वारा सी0एस0आर0 के अन्तर्गत वनटांगिया व मुसहर गॉवों हेतु हेतु चेक प्रदान करते केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी




भारतीय स्टेट बैंक व संस्था द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर




भारतीय स्टेट बैंक व संस्था द्वारा आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर



विज्ञान प्रोद्योगिक मंत्रालय द्वारा प्रायोजित मोटीवेशन ऑफ साइंस स्टूडेन्ट कार्यक्रम में इनोवेटर से वार्ता करते हुए इसरो वैज्ञानिक विजय यादव व डॉ0 सी0एम0 नौटीयाल



विज्ञान प्रौद्योगिक मंत्रालय द्वारा प्रायोजित मोटीवेशन ऑफ साइंस स्टूडेन्ट कार्यक्रम में बेस्ट इनोवेटर से वार्ता करते हुए संस्था सचिव

# श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान, महराजगंज उ0प्र0।

## प्रगति-रिपोर्ट 2023-24

उ0प्र0 पूर्वांचल में स्थित जनपद महराजगंज गौतम बुद्ध के नाना महाराज अंजन के नाम से अपभ्रंस होकर महराजगंज के नाम से जाना जाता है। जनपद में स्वास्थ्य शिक्षा, स्वच्छता तथा अन्य आयामों के साथ–साथ विकास के मार्ग पर सतत चलने हेतु एक स्वयं सेवी संगठन श्री भारतद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान को वर्श 1993 में किया गया। पिछले तीन दसकों से मानव उत्थान हेतु समर्पित संस्थान विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं को संचालित करती है। जो निम्न है :–

## वर्ष 2023–24 में संस्था द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रम

1. **वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम।**
2. **टार्गेटेड इण्टरवेंशन प्रोजेक्ट जालंधर।**
3. **टार्गेटेड इण्टरवेंशन प्रोजेक्ट कपूरथला।**
4. **दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम।**
5. **महिला साक्षरता कार्यक्रम।**
6. **कुष्ट नियंत्रण कार्यक्रम।**
7. **स्वच्छ पेयजल जागरूकता कार्यक्रम।**
8. **परिवार कल्याण शिविर कार्यक्रम।**
9. **बालिका शिक्षा कार्यक्रम।**
10. **पर्यावरिणीय शिक्षा कार्यक्रम।**
11. **किसान सम्मेलन कार्यक्रम।**
12. **महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम।**
13. **बाड़ एवं जल जमाव बचाव शिविर।**
14. **पंचायती राज्य कार्यशाला।**
15. **बाल श्रम निषेद कार्यक्रम।**
16. **एन्टी ट्रेफकिंग जागरूकता कार्यक्रम।**
17. **एफ.पी.ओ. स्वयं सहायता समूह का गठन।**
18. **कृषि संबंधी कार्यशाला।**
19. **ड्रग डी–एडिक्शन कार्यक्रम।**
20. **ग्राम शिक्षा समिति परियोजना।**
21. **नेत्र परीक्षण शिविर।**
22. **इण्डस्ट्रीयल विजिट फॉर साइंस स्टूडेन्ट।**
23. **विलुप्ट वनस्पतियों का संरक्षण कार्यक्रम।**
24. **सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम।**

**1. क.वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम–**विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा जनपद– महराजगंज हेतु मोटीवेशन ऑफ साइंस स्टूडेन्ट फार महराजगंज एण्ड सिद्धार्थनगर परियोजना दो वर्श हेतु स्वीकृत की गयी है जिसके अन्तर्गत महराजगंज,जनपद में दो कार्यक्रम तथा सिद्धार्थनगर जनपद में दो कार्यक्रम आयोजित किया गया।

| जनपद का नाम | आयोजन तिथि | आयोजन स्थल | मुख्य अतिथि |
|---|---|---|---|
| महराजगंज | 21,22,23 सितम्बर | जिला पंचायत सभागार महराजगंज | श्री पंकज चौधरी केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री भारत सरकार |
| महराजगंज | 1,2,3 अक्टूबर | जी.एस.वी.एस. इण्टर कॉलेज, महराजगंज | श्री पंकज चौधरी केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री भारत सरकार श्री दयाशंकर मिश्र दयालु प्रभारी मंत्री महराजगंज |
| सिद्धार्थनगर | 28,29,30 जनवरी | वी.एस.ए.खेल मैदान सिद्धार्थनगर | श्री पवन अग्रवाल जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर |
| सिद्धार्थनगर | 08,09,10 फरवरी | तिलक इण्टर कॉलेज बांसी | उपजिलाधिकारी बांसी सिद्धार्थनगर |




मोटिवेशन एण्ड इनोवेटिव प्रोग्राम में केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी को पुष्प गुच्छ प्रदान करती हुयी छात्रा



मोटिवेशन एण्ड इनोवेटिव प्रोग्राम में उपस्थित छात्र/छात्रायें एवं शिक्षकगण

2. **ख. सर सी0वी0 रमन जन्मदिवस समारोह**- श्री भारतद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा प्रत्येक वर्श सर सी0वी0 रमन जन्मदिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। भौतिक विज्ञान के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता भारत के गौरव सर सी0वी0 रमन के जन्मदिवस का आयोजन साधू शरण भारद्वाज इण्टर कालेज, बेलवाकांजी में किया गया।



सर सी0वी0 रमन के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए विमल पाण्डेय



जिला स्तरीय विज्ञान मेला में उपस्थित छात्र, छात्राएं

2. **टारगेटेड इण्टरवेशन प्रोजेक्ट जालंधर**– नेशनल एट्स कन्ट्रोल सोसाईटी भारत सरकार एवं पंजाब एड्स कन्ट्रोल सोसाइटी चण्डीगढ़ द्वारा पंजाब राज्य के जालंधर जनपद में परियोजना विगत वर्षो से संचालित है वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस परियोजना का क्रियान्वयन 400 ड्रग यूजर्स के साथ में सम्पादित किया गया है। जिसका कार्यालय जालंधर जनपद के घास मण्डी के समीप स्थापित किया गया है। परियोजना के मानक के हिसाब से सभी स्टॉफ पूर्ण है।



3. **टारगेटेड इण्टरवेशन प्रोजेक्ट कपूरथला**– पंजाब एड्स कन्ट्रोल सोसाइटी चण्डीगढ़ द्वारा पंजाब राज्य के कपूरथला जनपद में परियोजना विगत वर्षो से संचालित है वर्तमान वित्तीय वर्ष में इस परियोजना का क्रियान्वयन 300 ड्रग यूजर्स तथा 150 एफ0एस0डब्लू0 के साथ में सम्पादित किया गया है। जिसका कार्यालय कपूरथला जनपद के पंजाबी बाग में स्थापित किया गया है। परियोजना के मानक के हिसाब से सभी स्टॉफ पूर्ण है।



4. **विकलांग कल्याण दिवस समारोह**– श्री भारद्वाज ग्रामोउद्योग संस्थान द्वारा विकलांग कल्याण दिवस के अवसर पर जनपद के सभी विकलांग बच्चों को चिन्हित कर विकास भवन महराजगंज परिसर में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन कर उन्हें शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी तथा उपस्थित सभी विकलांग प्रतिभागियों का फार्म भराकर विकलांग प्रमाण पत्र के साथ–साथ विकलांग पेंशन दिलाने का कार्य किया गया।

5. **महिला साक्षरता कार्यक्रम**– जनपद का महिला साक्षरता स्थर वर्ग 1991 में सिर्फ 10.28 प्रतिशत था धीरे–धीरे प्रतिशत बड़ा और महिला साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सलामतगढ़ मे कार्यशाला का आयोजन कर लगभग 48 महिलाओं को शिक्षित किया गया, स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत साफ–सफाई विशय पर जानकारी प्रदान कर लोगों को सुदृढ़ बनाया गया है।

6. **कुष्ठ नियंत्रण एवं अन्धता निवारण कार्यक्रम**– कुष्ठ नियंत्रण एवं अन्धता परीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बेलवाकाजी में कार्यक्रम आयोजित कर साधु शरण भारद्वाज इण्टर कालेज में 66 व्यक्तियों का निःशुल्क अन्धता परीक्षण कराया गया। प्रभावित व्यक्तियों को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निःशुल्क चश्मा का वितरण किया गया। ग्राम पंचायत दरहटा में कुश्ठ नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर पी0वी0 तथा एम0वी0 आदि की जानकारी दी गयी।

7. **स्वच्छ पेयजल जागरूकता कार्यक्रम**– संस्था द्वारा स्वच्छ पेय जल विशय पर ग्राम पंचायत बड़हरा राजा में कार्यशाला का आयोजन कर ''स्वच्छ पानी पीये लम्बी उम्र जीये'' विशय पर विशय विशेशज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की गयी तथा यह बताया गया कि दूशित जल नाना प्रकार की बीमारियों की जननी है। लगभग 80 प्रतिशत बीमारी स्वच्छ पेयजल न प्रयोग करने से होता है।

8. **परिवार कल्याण शिविर**– परिवार स्वास्थ्य जागरूकता पखवाड़ा के अन्तर्गत संस्था श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा जूनियर हाईस्कूल केवलापुर, महराजगंज में परिवार जागरूकता एवं बाल देखभाल कार्यशाला का आयोजन कर 68 गर्भवती महिलाओं का जॉच व टीकाकरण किया गया।

9. **बालिका शिक्षा कार्यक्रम**– संस्था द्वारा साधूशरण भारद्वाज इण्टर कालेज में एक महीने का निःशुल्क सिलाई–कढ़ाई तथा ब्यूटीशियन का प्रशिक्षण कराकर 35 किशोरी को प्रशिक्षित किया गया। किशोरी शिक्षा को बल प्रदान कर दहेज, बालश्रम, अपराध, विधिक सलाहकार, आदि विशयों में बचाव तथा जानकारी के माध्यम से लोगों में जागरूकता कैसे लायी जाय इस विशय पर एक कार्यशाला का आयोजन कर व्यक्तिगत साफ–सफाई की जानकारी दी गयी।

10. **पर्यावरणीय शिक्षा कार्यक्रम**– पर्यायवरणीय संरक्षण हेतु संस्था द्वारा विकास खण्ड–सदर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम विद्यार्थियों के माध्यम से प्रोत्साहित किया गया। भारतीय पौधो में विशेश तौर पर नींम की नर्सरी तैयार कर 1100 पौधो का रोपण किया गया ताकि पर्यायवरण संरक्षण का कार्य किया जा सकें।

11. **किसान सम्मेलन**– भारत देश जहॉ गांवों में बसता है वहॉ किसानों को तरह–तरह के उन्नत किस्म के बीज, खाद तथा उन्नत खेती कैसे हो विशय पर कृशि विशेशज्ञ नागेन्द्र पाण्डेय द्वारा उन्नत किस्म के बीज तथा वर्मी कम्पोस्ट विशय पर जानकारी प्रदान की गयी। किसानों को खेती के गुणवत्ता एवं महत्व विशय पर नागेन्द्र पाण्डेय द्वारा जानकारी दी गयी। बीजों का भण्डारण एवं रख–रखाव विशय पर जानकारी प्रदान की गयी।

12. **महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम**– जहॉ महिला की पूजा होती वहॉ देवता वास करते है यह बात चरितार्थ तब होती है जब महिला रोजगार परक एवं सशक्तिकरण से परिपूर्ण होती है। आज की नारी लाचारी की मिशाल बनकर रह गयी है। रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा स्वयं सहायता समूह का गठन कर उनके खाते खोलवाये गये तथा निःशुल्क कढ़ाई–सिलाई, अचार–मुरब्बा आदि की जानाकरी प्रदान की गयी। साथ–साथ कार्यशाला का आयोजन कर उनके हक तथा अधिकार की जानकारी विधिक सलाहकार द्वारा प्रदान की गयी।

**13. बाढ़ एवं जल जमाव बचाव शिविर**– संस्था द्वारा विकास खण्ड–धानी के ग्राम पंचायत वैसारपुर में कार्यशाला का आयोजन कर बाढ़ प्रभावित व्यक्तियों को व्यक्तिगत साफ–सफाई के साथ–साथ कूड़े का निपटान विशय पर जानकारी प्रदान की गयी तथा स्वच्छ पेयजल प्रयोग हेतु दण्डेदार लोटे का प्रयोग करें एवं शौच के बाद तथा खाने से पहले हाथ की सफाई पानी को गरम कर पीये या क्लोरिन की गोली डालकर प्रयोग करें आदि विशयों की जानकारी प्रदान की गयी। संस्था द्वारा स्वास्थ्य विभाग से प्रदत्त क्लोरिन की गोली तथा ब्लीचिंग पाउडर का वितरण किया गया।

**14. पंचायती राज कार्यशाला**– संस्था द्वारा विकास खण्ड सदर में पंचायती राज व्यवस्था के अन्तर्गत गठित छः समितियों में से स्वास्थ्य समिति, शिक्षा समिति एवं जल प्रबन्धन समिति के कार्य तथा दायित्व के बारे में कार्यशाला का आयोजन कर समितियों को प्रशिक्षित किया गया।

**15. बालश्रम निषेध कार्यक्रम**– बच्चों का बचपन कुम्हार के मिट्टी के घड़े के समान होता है बहुआयामी रूप में सजाया तथा पिरोया जा सकता है। इस अमूल्य समय में बाल श्रम एक जघन्य अपराध एवं सामाजिक– कुरितियों को जन्म देने वाली पाठशाला है। बचपन बचाओं तथा बालश्रम कार्यक्रम के अन्तर्गत महराजगंज में बालश्रम अधिकारी के अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन कर बालश्रम से लाभ एवं हानि एवं अपराध विशय पर लोगों को जानकारी दी गयी।

**16. एन्टी ट्रेफकिंग जागरूकता कार्यक्रम**– विकास खण्ड नौतनवां, निचलौल, लक्ष्मीपुर, बृजमनगंज जो नेपाल राश्ट्र से जोड़ते है सभी गॉवो में मानव तस्करी की रोकथाम हेतु एन्टी ट्रेफकिंग नेटवर्क का प्रशिक्षण स्थानीय लोगों को दिया गया। सभी 39 गॉवों से 200–200 स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित कर इस कार्यक्रम में लगाया गया।

**17. एफ0पी0ओ0/स्वयं सहायता समूह का गठन**– संस्था द्वारा विकास खण्ड मिठौरा तथा महराजगंज में गठित किसान उत्पादक संगठनों को पंजीकृत करने हेतु सभी प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गयी है। अगले वित्तीय वर्श में इसका पंजीकरण कराकर स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

**18. कृषि सम्बन्धी कार्यशाला**– भारत कृशि प्रधान देश है बढ़ती संसाधनों की महंगाई तथा घटती अनाज की कीमतों से कृशक चाहे बड़े भूक्षेत्र वाला हो या छोटे भूक्षेत्र वाला हो लगभग सभी परेशान है उन्नत किस्म की बीज तथा असीमित संसाधन की उपलब्धता होने के वाबजूद भी किसान की दीनहीन दशा बना है बीज भण्डारण तथा रखरखाव एवं कम्पोस्ट खाद जिससे सीमित संसाधनों में अधिक पैदावार प्राप्त हो विशय पर कृशक विशेशज्ञ द्वारा गोश्ठी के द्वारा जानकारी प्रदान कर लगभग 70 किसानों को जागरूक किया गया।

**19. नशा उन्मूलन कार्यक्रम**– संस्था द्वारा जनपद–महराजगंज में उच्च जोखिम समूह से जुड़े लोग समूहो को गोश्ठी तथा स्वास्थ्य कैम्प सेमिनार के माध्यम से उनको चिन्हित कर नशा मुक्ति हेतु निःशुल्क परामर्श की व्यवस्था उपलब्ध है।

**20. ग्राम शिक्षा समिति परियोजना**– जनपद–महराजगंज में ग्राम शिक्षा समिति के परियोजना के स्वयं सेवकों द्वारा ग्राम शिक्षा समिति की बैठक स्वास्थ्य एवं कल्याण समिति की बैठक बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी गयी स्कूल चलो जागरूकता रैली के अन्तर्गत स्थानों पर रैली निकाली गयी बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया गया गर्भवती महिलाओं का जॉच टीकाकरण कराया गया। विद्यालय परिसर की साफ–सफाई व की सफाई को फाईलेरिया दवा वितरण किया गया का प्रतिरक्षण टीकाकरण कराया गया। बच्चो जापानी इन्सेफेलाईटिस टीकाकरण पर दीवाल लेखन किया गया लोगों का आकस्मिक सहयोग किया गया बच्चों के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया। उपलब्ध है।

**21. नेत्र परीक्षण शिविर**– भारतीय स्टेट बैंक गोरखपुर क्षेत्र द्वारा संस्था को एक मारूती इको एम्बुलेंस जनपद के नेत्र रोगियों की जाँच करने के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन जी द्वारा दिनांक– 23.02.2024 को क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम में प्रदान किया गया।इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कुल 10 स्थानों पर नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया जिसमें 748 लोगों के आँखों की जाँच की गयी जिसमें 222 लोगों को चश्में की आवश्यकता हेतु चिन्हित किया गया तथा 77 लोगों में मोतियाबिन्द पाया गया जिनको आँखों का आपरेशन आगामी तिथियों में कराया जायेगा।







**22. इण्डस्ट्रीयल विजिट फॉर साइंस स्टूडेन्ट**– संस्था द्वारा जनपद के चयनित 120 विद्यार्थियों को दो बसों के माध्यम से गोरखपुर गीड़ा स्थित पारले जी बिस्किट इण्ड्रीज तारा मण्डल एवं गोरखपुर विश्वविद्यालय के बटलिकन गॉर्डेन का भ्रमण कराया गया।

**23. विलुप्ट वनस्पतियों का संरक्षण कार्यक्रम**– संस्था द्वारा बिलुप्त हो रही वनस्पतियों के संरक्षण हेतु कार्यक्रम तैयार किया गया जिसके अन्तर्गत सर्पगंधा अगई एवं पनियाला प्रजाति के कल्टीवेशन हेतु विशेश प्रयाय किया जा रहा है।

**24. सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम**– संस्था सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के नागरिकों हेलमेट पहनकर मोटरसाईकिल चलाने का सलाह तथा सीट वेल्ट पहनकर चार पहिया वाहन चलाने का अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर 2000 लोगों को जागरूक किया गया।

# मिशन ज्योति से बुजुर्गों की लौटेगी रोशनी

## बुजुर्गों की आंखों का होगा ऑपरेशन, गरीब निराश्रित महिलाओं को मिलेगा चश्मा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान को मिशन ज्योति परियोजना के लिए मारुति इको एंबुलेंस प्रदान किया था। भारतीय स्टेट बैंक के सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत मिले एंबुलेंस से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब व असहाय बुजुर्गों के इलाज में मदद मिलेगी। नेत्र रोग से संबंधित समस्याओं को दूर कराया जाएगा।

भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सचिव विमल पांडेय ने बताया कि 32 वर्षों से कार्यरत भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सामाजिक कार्यों को देखते हुए



**मिला एंबुलेंस।** स्रोत-सूचना विभाग

सामाजिक सहायता के अंतर्गत एक एंबुलेंस मिली है। मिशन ज्योति परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक गांव के अंदर नेत्र परीक्षण शिविर लगाए जाएंगे, बुजुर्ग महिलाओं को चश्मा बनवाकर दिया जाएगा। जिन बुजुर्ग महिलाओं को मोतियाबिंद हो चुका है, उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाकर आंखों का ऑपरेशन कराया

निराश्रित बुजुर्गों की आंखों की जांच के लिए अभियान चलेगा। जिन्हें चश्मे की जरूरत होगी उन्हें चश्मा और जिन्हें ऑपरेशन करने की जरूरत होगी उनका ऑपरेशन कराया जाएगा।
**-पंकज चौधरी,** केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री

सामाजिक संस्था भारद्वाज सेवा संस्थान को स्वास्थ्य विभाग की ओर से पूरा सहयोग मिलेगा और जनमानस के लाभान्वित करने के लिए एकजुट प्रयास होगा।
**-डॉ. नीना वर्मा,** सीएमओ

जाएगा। जल्द ही ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र परीक्षण शिविर प्रारंभ कर दिए जाएंगे। यह एंबुलेंस गरीब व असहाय लोगों के लिए वरदान साबित होगा।

# शांति का संदेश लेकर बेलवाकाजी पहुंचे बौद्ध भिक्षु

**जागरण संवाददाता, हरिहरपुर:** विश्व शांति व प्रेम का संदेश देने के लिए थाईलैंड के बौद्ध भिक्षुओं का 99 सदस्यीय दल शनिवार की रात साधु शरण भारद्वाज इंटर कालेज बेलवाकाजी में पहुंचा, जहां लोगों ने पुष्प से स्वागत किया गया। बौद्ध भिक्षुओं को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लग गई। बौद्ध भिक्षुओं ने विद्यालय परिसर में पड़ाव डालकर पूजा वंदना की।

रात्रि विश्राम के बाद सुबह पूजा पाठ कर बौद्ध भिक्षुओं का दल रामग्राम, देवदह होते हुए नेपाल के लिए रवाना हो गया। भगवान बुद्ध उत्तरापथ (बुद्ध गमन मार्ग) होते हुए कुशीनगर को गए थे। प्राचीन काल में उत्तरापथ से भारत का चीन से लेकर अफगानिस्तान तक व्यापार होता था। इसी मार्ग से गौतम बुद्ध ने कुशीनगर में महापरिनिर्वाण के पहले अंतिम यात्रा की थी। बौद्ध दल के भिक्षु फ्रा थानापोन ब्रोमा ने बताया कि हम लोग विश्व शांति के लिए भगवान बुद्ध के धार्मिक स्थलों की पदयात्रा पर निकले हुए हैं। बुद्ध जिस मार्ग से कुशीनगर गए थे, हम उस मार्ग से जा रहे हैं। कुशीनगर के बाद महराजगंज, रामग्राम, सोनौली सीमा से होकर नेपाल में प्रवेश करेगी। लुंबिनी, श्रावस्ती, सारनाथ में हमारी यात्रा समाप्त होगी।

25 मार्च तक यात्रा करने के बाद थाईलैंड चले जाएंगे।



साधुशरण भारद्वाज इंटर कालेज बेलवाकाजी में पूजा वंदना करते बौद्ध भिक्षु ● जागरण

# विज्ञान भाषण में खुशी व गीत लेखन में शिखा प्रथम

**सिद्धार्थ नगर(एसएनबी)।** राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार एवं श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महाराजगंज के तत्वावधान में तीन दिवसीय विज्ञान मेले द्वितीय दिवस का शुभारंभ तिलक इंटर कालेज में दीप प्रज्वलन करके किया गया।

विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में खुशी को प्रथम, अर्पिता को द्वितीय, अंशिका जायसवाल को तृतीय अंकित गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विज्ञान गीत लेखन प्रतियोगिता में शिखा को प्रथम, प्रतिमा यादव को द्वितीय, शिवा पांडेय को तृतीय, सिमरन अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान करने के बाद उप जिलाधिकारी बांसी श्री कुणाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे पूरी उत्साह उर्जा लगन के साथ नव प्रवर्तन में भागीदारी करें और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दें तथा समाज में वैज्ञानिक शोध जागृत करने में सहायक हों।



मोटिवेशन एंड इनोवेटिव प्रोग्राम फार साइंस स्टूडेंट आफ महराजगंज सिद्धार्थ नगर के मुख्य अन्वेषक विमल कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की नीति आयोग के एक्सीलरेटेड जिला सिद्धार्थनगर हेतु उक्त परियोजना 2 वर्ष तक लागू की गई है। इसमें बाल वैज्ञानिकों को विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक संस्थाओं का भ्रमण कराया जाएगा। विद्यालयों के मध्य जागरूकता संपादित किया जाएगा।

विज्ञान संचारक सिद्धार्थ शंकर ने अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करने में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। तिलक इंटर कलेज के प्रधानाचार्य डा. धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि वैज्ञानिक जागरूकता के लिए यह कार्यक्रम उत्कृट और सफल रहा है।

विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. ओंकार नाथ जायसवाल ने स्वास्थ्य शिक्षा जागरूकता पर अपना व्याख्यान दिया।

इस अवसर पर शिक्षक हरेंद्र सिंह, गिरीश चंद्र, राकेश कुमार, अवधेश, लोकपति सिंह, अभिषेक सिंह ,राज वरुण ज्योति पटेल, नागेश्वर नाथ उपस्थित रहे।

# पोस्टर में सुमन व गायन में हसीबुन निशा को प्रथम स्थान

**सिद्धार्थनगर** बांसी(एसएनबी)। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार व भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महाराजगंज के तत्वावधान में तिलक इंटर कालेज बासी परिसर में विज्ञान मेला के तृतीय दिवस समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य रतन सेन पीजी कलेज बांसी ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है ।हमें अपने अन्दर वैज्ञानिक ष्टिकोण जागृत कर समाज के विकास में सहायक होना चाहिए। स्कूली बच्चे बाल वैज्ञानिक रूप में अपने सीमित संसाधनों के बल पर तमाम वैज्ञानिक अन्वेषण व नवप्रवर्तन का अलौकिक वैज्ञानिक कार्य करते हैं।हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में डा. धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन से स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक क्षमता का विकास व शिक्षा के प्रति उत्सहवर्धन होता है।हम सभी को शिक्षणेत्तर गतिविधियों के तहत ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग व सहभागिता करना चाहिए। उक्त अवसर पर विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम सुमन, द्वितीय आदर्श कुमार, तृतीय अंशिका जायसवाल, और सांत्वना उषा तथा विज्ञान गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम हसीवुन निशा, द्वितीय अंशिका जायसवाल, तृतीय खुशी को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक डा. कृष्ण कुमार , गिरीश चंद्र,हरेंद्र सिंह, लोकपति सिंह ,राकेश समेत स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान शपथ भी लिया।संचालन सिद्धांर्थ शंकर ने किया।

**विज्ञान मेले का हुआ समापन**

**समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है विज्ञान : प्रो त्रिपाठी**



# बंनटांगिया गांव में लगेंगे हाई मास्ट लाइट

**– कर्पोरेट सामाजिक दायित्व के तहत भारतीय स्टेट बैंक में दिया 90 लाख**

**– वित्त राज्य मंत्री के हाथों भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान को मिला चेक**

**जनसंदेश टाइम्स**

महाराजगंज। भारतीय स्टेट बैंक लखनऊ मंडल की ओर से कारपोरेट सामाजिक दायित्व के अंतर्गत महाराजगंज जनपद के बंनटांगिया और मुसहर गांव में 30 हाई मास्ट लाइट लगाए जाने हेतु 89 लाख 95 हजार रुपए स्वीत किया गया है स चेक वितरण कार्यक्रम के लिए आयोजित भारतीय स्टेट बैंक का सिटी ब्रांच महाराजगंज में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और डीएम श्री संजीव कुमार के हाथों भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सचिव श्री विमल कुमार पांडे को 89 लाख 95 हजार का चेक सौपा गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार बांटा गया गांव के विकास के लिए संकल्पित हैं राष्ट्र की मुख्य धारा से बनता गया गांव को जोड़ने के लिए सरकार ने विकास के अनेक कार्य किए हैं इसी क्रम में भारतीय स्टेट बैंक की ओर से हाई मास्ट लाइट लगाए जाने की योजना निश्चित रूप से सराहनीय है।



# महराजगंज

## बांसी विज्ञान मेले का हुआ समापन

- पोस्ट में सुमन और गायन में हसीबुन निशा को प्रथम स्थान
- समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है विज्ञानः प्रो. त्रिपाठी

हिन्द मोर्चा संवाददाता





**सिद्धार्थ नगर।** महराजगंज सिद्धार्थनगर-राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार व भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महराजगंज के तत्वावधान में तिलक इंटर कालेज बासी परिसर में विज्ञान मेला के तृतीय दिवस समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य रतन सेन पीजी कॉलेज बासी ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है । हमें अपने अन्दर वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत कर समाज के विकास में सहायक होना चाहिए। स्कूली बच्चें बाल वैज्ञानिक रूप में अपने सीमित संसाधनों के बल पर तमाम वैज्ञानिक अन्वेषण व नवप्रवर्तन का अलौकिक वैज्ञानिक कार्य करते हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए।अध्यक्षीय संबोधन में डॉ धर्मेंद्र मिश्र प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन से स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक क्षमता का विकास व शिक्षा के प्रति उत्साहवर्धन होता है। हम सभी को शिक्षणेत्तर गतिविधियों के तहत ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग व सहभागिता करना चाहिए। उक्त अवसर पर विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम सुमन, द्वितीय आदर्श कुमार, तृतीय अंशिका जायसवाल, और सांत्वना उषा तथा विज्ञान गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम हसीवुननिशा, द्वितीय अंशिका जायसवाल ,तृतीय खुशी को पुरस्कृत किया गया।

### कार्यक्रम में विशेष रूप से रहें उपस्थित

कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक डॉ कृष्ण कुमार ,गिरीश चंद्र ,हरेंद्र सिंह, लोकपति सिंह ,राकेश समेत तमाम लोग व स्कूली बच्चें उपस्थित रहें।

### बच्चों ने लिया विज्ञान शपथ

कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान शपथ भी लिया।अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन सिद्धांर्थ शंकर ने किया।

गोरखपुर। शनिवार • 2 दिसम्बर • 2023

## वैज्ञानिकों के बूते विकसित देश बनेगा भारत

**विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब महराजगंज द्वारा एकदिवसीय विज्ञान माडल प्रतियोगिता का आयोजन**

**महराजगंज (एसएनबी)।** स्थानीय जी एसवीएस इंटर कालेज में विज्ञान प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जिला विज्ञान क्लब महराजगंज की ओर से विज्ञान माडल प्रदर्शनी/प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इसमें 16 विद्यालयों के 56 माडल में 316 बाल वैज्ञानिकों की टीमों ने भाग लिया। विज्ञान माडल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

साथ ही बाल वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों के बल पर भारत एक विकसित राष्ट्र बनेगा। विशिष्ट अतिथि जीएसवी एस इंटर कालेज के प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने कहा कि जिनके हाथों हम गुलाम थे आज उनकी सैटेलाइट का लांचिंग हम सब कर रहे हैं जो भारत के लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जवाहरलाल नेहरू पीजी कालेज के प्रबंधक डा, बलराम भट्ट ने की। विज्ञान माडल प्रतियोगिता में जो खराज तू दर्शन इंटर कालेज सिसवा बाजार के करण मद्धेशिया को कृषि छिड़काव यंत्र माडल बनाए जाने पर प्रथम पुरस्कार के रूप में चयनित किया गया। आरपीसी सिसवा बाजार के छात्र विवेक जायसवाल को मिलिट्री सुरक्षा यंत्र के माडल पर द्वितीय पुरस्कार के लिए चयन किया गया जबकि चौक राज तुलस श्याम इंटर कालेज सिसवा के छात्र सिक्कू निषाद को स्मार्ट बाइक एवं हेलमेट माडल को तृतीय पुरस्कार के रूप में चयनित किया गया। गणेश शंकर विद्यार्थी स्मारक इंटर कालेज के प्रिंस को स्त्री सुरक्षा यंत्र तथा महराजगंज इंटर कालेज महराजगंज के पुष्पेंद्र विश्वकर्मा को स्मार्ट गूगल दृष्टांत दृदृष्टि माडल के लिए संतावना पुरस्कार के रूप में चयनित किया गया। इन सभी चयनित माडल प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं को क्रमशः प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर ₹ 5000 द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने पर ₹ 3000 तृतीय पुरस्कार प्राप्त करने पर ₹ 2000 तथा दोनों सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित माडल को एक ₹ 1000 जिलाधिकारी अनुनय झा द्वारा देकर सम्मानित किया जाएगा।



विज्ञान माडल का अवलोकन करते अतिथि

इसके अतिरिक्त चोखराज विद्यालय सिसवा के अमन यादव को किस खेत सुरक्षा, इंटर कालेज कोटा मुकुंदपुर की अनुराधा को प्रिपरेशन सिस्टम माडल, राजकीय इंटर कालेज पनियरा के अजय वर्मा को पेट्रोल जेनरेशन फर्म बेस्ट , दुर्गावती देवी इंटर कालेज भिटौली के सुधांशु को गैस सिलेंडर, एक्सेल एकेडमी के स्कंद जायसवाल को एटीएम, बजरंगी सिंह इंटर कालेज के निखिल को लेजर सीकर, कस्तूरबा गांधी इंटर कालेज गंगराई के सत्यम पटेल को हाइड्रलिक लिफ्ट साइकिल, डिवाइन पब्लिक स्कूल महराजगंज के विभव शील को एग्रीकल्चर डिवाइस, आर के इंटरमीडिएट कालेज के नूरसबा को सेफ्टी ओवर टेकिंग माडल, महाराजगंज इंटर कलेज महाराजगंज के अनुष्का साहू को वाटर फिल्टर माडल ,दलसिंगार सिंह इंटर कालेज महराजगंज के सिद्धार्थ को बार्डर सिक्योरिटी डिवाइस, आर के सनशाइन एकेडमी के रिशिता वर्मा को चंद्रयान-3 माडल, जी एसवीएस इंटर कालेज महाराजगंज की प्रिया गुप्ता को नेचुरल प्रोडक्ट, आरके इंटर कालेज के सरफराज को आर्मी बेस सिक्योरिटी सिस्टम तथा आर इंटरमीडिएट कालेज के नंदनी कुमार को स्मार्ट रोड माडल के लिए मंडल स्तर पर प्रेषित किए जाने का निर्णय लिया गया। जनपद स्तरीय विज्ञान माडल प्रतियोगिता में जिला विज्ञान क्लब के पूर्व कोआर्डिनेटर विमल कुमार पांडेय, जनपदीय कोआर्डिनेटर अखिलेश्वर राव, विज्ञान शिक्षक अमरेंद्र शर्मा, डा. शान्तिशरण मिश्र, संदीप कुमार, संत राज यादव, विवेकानंद, शशि भूषण कुमार त्रिपाठी, संजय शर्मा मीनाक्षी और कामिनी के साथ रोहित गुप्ता के साथ जिला विज्ञान क्लब से जुड़े बाल वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## इसरो ने देश का गौरव बढ़ाया, 140 विद्यार्थियों को मेडल दिया गया।

### विज्ञान भाषण में खुशी को प्रथम स्थान।
### विज्ञान गीत लेखन में शिखा को प्रथम।

समीक्षा टुडे

बासी,सिद्धार्थनगर –राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार एवं श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महाराजगंज के तत्वावधान में तीन दिवसीय विज्ञान मेले द्वितीय दिवस का शुभारंभ तिलक इंटर कॉलेज में दीप प्रज्वलन करके किया गया।

विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में खुशी को प्रथम अर्पिता को द्वितीय अंशिका जायसवाल को तृतीय अंकित गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ ।

विज्ञान गीत लेखन प्रतियोगिता में शिखा को प्रथम प्रतिमा यादव को द्वितीय शिवा पांडे को तृतीय सिमरन अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ।

विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान करने के बाद मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी बांसी श्री कुणाल ने विद्यार्थियों से पूरी उत्साह उर्जा लगन के साथ नव प्रवर्तन में भागीदारी करें और देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण योगदान दें तथा समाज में वैज्ञानिक शोध जागृत करने में सहायक हो।

मोटिवेशन एंड इन्नोवेटिव प्रोग्राम फॉर साइंस स्टूडेंट आफ महाराजगंज सिद्धार्थ नगर के मुख्य अन्वेषक विमल कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की नीति आयोग के एक्सीलरेटेड जिला सिद्धार्थनगर हेतु उक्त परियोजना 2 वर्ष तक लागू की गई है इसमें बाल वैज्ञानिकों को विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक संस्थाओं का भ्रमण कराया जाएगा ,विद्यालयों के मध्य जागरूकता कार्य संपादित किया जाएगा।




विज्ञान संचारक श्री सिद्धार्थ शंकर ने अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करने में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।तिलक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि वैज्ञानिक जागरूकता के लिए यह कार्यक्रम उत्कृष्ट और सफल रहा है।विद्यार्थी विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओंकार नाथ जायसवाल स्वास्थ्य शिक्षा जागरूकता पर अपना व्याख्यान दिए।

, उक्त अवसर पर शिक्षक हरेंद्र सिंह, गिरीश चंद्र, राकेश कुमार, अवधेश,लोकपति सिंह, अभिषेक सिंह ,राज वरुण ज्योति पटेल , नागेश्वर नाथ, उपस्थित रहे।

विज्ञान मेले का दूसरा दिन

# उप जिलाधिकारी द्वारा विद्यार्थियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र व मेडल

➢विज्ञान भाषण में खुशी को प्रथम स्थान
➢विज्ञान गीत लेखन में शिखा को प्रथम स्थान

हिन्द मोर्चा संवाददाता






**सिद्धार्थ नगर।** राष्ट्रीय विज्ञान प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार एवं श्री भारद्वाज ग्रामोद्योग सेवा संस्थान महराजगंज के तत्वावधान में तीन दिवसीय विज्ञान मेले के द्वितीय दिवस का शुभारंभ तिलक इंटर कॉलेज में दीप प्रज्वलन करके किया गया। विज्ञान भाषण प्रतियोगिता में खुशी को प्रथम अर्पिता को द्वितीय अंशिका जायसवाल को तृतीय अंकित गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विज्ञान गीत लेखन प्रतियोगिता में शिखा को प्रथम प्रतिमा यादव को द्वितीय शिवा पांडे को तृतीय सिमरन अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। विज्ञान मेलें में 140 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल प्रदान करने के बाद उप जिलाधिकारी बांसी कुणाल ने विद्यार्थियों से कहा कि पूरे उत्साह उर्जा लगन के साथ नव प्रवर्तन में भागीदारी करें और देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें तथा समाज में वैज्ञानिक शोध जागृत करने में सहायक हो। मोटिवेशन एंड इन्नोवेटिव प्रोग्राम फॉर साइंस स्टूडेंट आफ महराजगंज सिद्धार्थ नगर के मुख्य अन्वेषक विमल कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को अवगत कराया की नीति आयोग के एक्सीलरेटेड जिला सिद्धार्थनगर हेतु उक्त परियोजना 2 वर्ष तक लागू की गई है इसमें बाल वैज्ञानिकों को विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक संस्थाओं का भ्रमण कराया जाएगा ,विद्यालयों के मध्य जागरूकता कार्य संपादित किया जाएगा।

### विज्ञान संचारक सिद्धार्थ शंकर ने किया अतिथियों का स्वागत

विज्ञान संचारक सिद्धार्थ शंकर ने अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत करने में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

### प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम की सराहना की

तिलक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर धर्मेंद्र मिश्र ने कहा कि वैज्ञानिक जागरूकता के लिए यह कार्यक्रम उत्कृष्ट और सफल रहा है।

### प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने किया संबोधित

विद्यार्थियों को स्वास्थ्य जागरूकता के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओंकार नाथ जायसवाल ने स्वास्थ्य शिक्षा जागरूकता पर अपना व्याख्यान दिए।

### विशेष रूप से रहें उपस्थित

उक्त अवसर पर शिक्षक हरेंद्र सिंह, गिरीश चंद्र, राकेश कुमार, अवधेश,लोकपति सिंह, अभिषेक सिंह ,राज वरुण ज्योति पटेल , नागेश्वर नाथ, उपस्थित रहें।

# विज्ञान समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है- प्रो.केपी.त्रिपाठी




स्वतंत्र चेतना, सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार व एसबीजीएस महाराजगंज के तत्वावधान में तिलक इंटर कालेज बासी परिसर में विज्ञान मेला के तृतीय दिवस समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य रतन सेन पीजी कलेज बासी ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है। हमें अपने अन्दर वैज्ञानिक द्दष्टिकोण जागृत कर समाज के विकास में सहायक होना चाहिए। स्कूली बच्चे बाल वैज्ञानिक रूप में अपने सीमित संसाधनों के बल पर तमाम वैज्ञानिक अन्वेषण व नवप्रवर्तन का अलौकिक वैज्ञानिक कार्य करते हैं। हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में ड धर्मेंद्र मिश्र प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन से स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक क्षमता का विकास व शिक्षा के प्रति उत्सहवर्धन होता है। हम सभी को शिक्षणेत्तर गतिविधियों के तहत ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग व सहभागिता करना चाहिए। उक्त अवसर पर विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता मेंप्रथम सुमन, द्वितीय आदर्श कुमार, तृतीय अंशिका जायसवाल, और सांत्वना उषा तथा विज्ञान गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम हसीवुननिशा, द्वितीय अंशिका जायसवाल, तृतीय खुशी को पुरस्त किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक ड ष्ण कुमार, गिरीश चंद्र, हरेंद्र सिंह, लोकपति सिंह, राकेश समेत तमाम लोग व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान शपथ भी लिया।अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन सिद्धांर्थ शंकर ने किया।

साथ जाने की आवश्यकता होगी।

गोष्ठी में उन्होंने चंद्रमा तक पहुंचाने के बहुत सारे आयामों की चर्चा करते महेंद्र प्रताप, जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय ने भी विचार व्यक्त किए।

# प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रहा सोलर टेलीस्कोप



विज्ञान प्रदर्शनी में सोलर टेलिस्कोप से सौरमंडल देखते बच्चे • जागरण

**जासं, महराजगंज:** महराजगंज महोत्सव में विज्ञान प्रदर्शनी में तारामंडल गोरखपुर की ओर से लगाया गया सोलर टेलीस्कोप कोर्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। जिले के होनहार बाल विज्ञानियों की प्रतिभा भी कुछ कम नंहीं रही। हाइड्रोपोनिक, चंद्रयान तीन, कृषि सुरक्षा सहित कई प्रमुख माडल लोगों को आधुनिक व आश्चर्यजनक लगे। तारामंडल के खगोल विज्ञानी एपी सिंह ने छात्रों को सोलर टेलीस्कोप से सौरमंडल दिखाया।

विज्ञान प्रदर्शनी में पहुंचे इसरो के विज्ञानी डा. सीएम नौटियाल, विनय कुमार यादव एवं क्षेत्रीय विज्ञान अधिकारी डा. महादेव पांडेय व प्रोफेसर वीएन पांडेय ने विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सोलर टेलीस्कोप के माध्यम से आकाश में टिमटिमातें तारों के बीच चंद्रमा देख हर कोई चंद्रयान में पहुंचने का अहसास कर रहा था। इस दौरान छात्र उपस्थित रहे।

# विज्ञान मेला के समापन अवसर पर वक्ताओं ने रखा दृष्टिकोण

समीक्षा टुडे

बांसी ।राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार व एसबीजीएस महाराजगंज के तत्वावधान में तिलक इंटर कालेज के परिसर में विज्ञान मेला के तृतीय दिवस समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर केपी त्रिपाठी पूर्व प्राचार्य रतन सेन पीजी कॉलेज ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन में सहायक है ।हमें अपने अन्दर वैज्ञानिक दृष्टिकोण जागृत कर समाज के विकास में सहायक होना चाहिए ।स्कूली बच्चे बाल वैज्ञानिक रूप में अपने सीमित संसाधनों के बल पर तमाम वैज्ञानिक अन्वेषण व नवप्रवर्तन का अलौकिक वैज्ञानिक कार्य करते हैं ।हमें उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए ।अध्यक्षीय संबोधन में डॉ धर्मेंद्र मिश्र प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन से स्कूली बच्चों के अंदर वैज्ञानिक क्षमता का विकास व शिक्षा के प्रति उत्सहवर्धन होता है ।हम सभी को शिक्षणेत्तर गतिविधियों के तहत ऐसे वैज्ञानिक कार्यक्रमों के आयोजन में सहयोग व सहभागिता करना चाहिए। इस अवसर पर विज्ञान पोस्टर प्रतियोगिता मेंप्रथम सुमन, द्वितीय आदर्श कुमार, तृतीय अंशिका जायसवाल, और सांत्वना उषा तथा विज्ञान गीत गायन प्रतियोगिता में प्रथम हसीवुननिशा,द्वितीय अंशिका जायसवाल ,तृतीय खुशी को पुरस्कृत किया गया ।कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक डॉ कृष्ण कुमार ,गिरीश चंद्र ,हरेंद्र सिंह, लोकपति सिंह ,राकेश समेत तमाम लोग व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में बच्चों ने विज्ञान शपथ भी लिया ।अतिथियों का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन सिद्धांर्थ शंकर ने किया।